## एक नजर में

### ब्राह्मण समाज ने निकाली परशुराम जी की शोभायात्रा



**कांटाफोड़।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सर्वब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भगवान पंढरीनाथ मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। चल समारोह में बैंडबाजे बग्गी के साथ भगवान परशुराम जी के जय जयकारे के साथ ब्राह्मण समाज जन शामिल रहे। चल समारोह का नागरिकों द्वारा विभिन्न स्थानो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो पर निकाली गई। यात्रा भगवान पंढरीनाथ मंदिर परिसर मे पहुंची जहां भगवान की आरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। समाजजनों द्वारा आरती कर स्वल्पाहार किया गया।

### परशुरामजी की पूजा कर मनाया मंत्री का जन्मदिन

**देवास।** अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर एवं गो पूजन कर गो तीर्थ आदर्श ग्राम पंचायत बोरानी में श्री श्याम गौशाला परिसर पर स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गी का जन्मदिन मनाया जन्मदिन के उपलक्ष में श्री गो पूजन किया एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ को ऑनलाइन जन्मदिन पर समान पत्र प्रेषित किया गया। अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र जाटव बधावा पुर्व सरपंच समरथ सिंह देवड़ा बोरानी कन्नौद मण्डल अध्यक्ष मंगलेश बैरागी बेड़गाव सेक्टर अध्यक्ष जगदीश परसाई जिला देवास उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा श्री श्याम गौशाला संचालक नरेंद्र सिसोदिया बोरानी समाजसेवी विश्राम नायक एवं कैलाश लोदवाल आदि अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोपा



**कन्नौद ।** मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष शलभ भदोरिया के निर्देशन मे कन्नौद ब्लाक . श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यो ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रवीण प्रजापति को सौपा . ज्ञापन का वाचन ब्लांक अध्यक्ष भरत शर्मा ने किया इस दौरान संभाग उपाध्यक्ष उज्जैन विनोद भूतडा कार्य कारी जिला ध्यक्ष ओम प्रकाश परमार .जिला उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता जिला संयुक्त सचिव मेहबुब रवान ब्लांक उपाध्यक्ष हरिश दुबे ब्लांक सह सचिव गणेश जैसवाल कोषाध्यक्ष राजकुमार मोदी सहित कई पत्रकार साथी मौजुद थे ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि मप्र सरकार द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागु किया जाये ताकि पत्रकारो के साथ हमले मारपीट प्रताडना की घटनाये कम हो प्रत्येक कस्बे और तहसील जिला मुख्यालय पर एक पत्रकार भवन बनाया जाये पत्रकार बीमा योजना मे राशी सरकार जमा करे पत्रकारो को बगेर ब्याज के त्रण उपलब्ध कराये . पत्रकारो के बच्चो को स्कूल फिस मे 50 फिसदी रियायत दी जाये पत्रकारो पर मुकदमे बगैर जांच के दर्ज नही किए जाये वही पत्रकारो पर होने वाले हमलो के आरोपी शीघ्र गिरफतार किये जाए इस तरह की करीब 21 मागे पूर्ण कराने की दिशा मे उचित कार्रवाई की जाए।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**भौरासा।** बुधवार को अक्षय तृतीया पर प्रात 10 .30 बजे सभी के आराध्य राजराजेश्वर परशुराम जी का जन्म उत्सव मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज ने औदुंबर ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र का कुमकुम चंदन से पूजन अर्चन कर फूल माला पहनाकर सुसज्जित कर भगवान परशुराम की आरती उतारी गई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात सभी ब्राहमण समाज वहीं रात्रि को भगवान परशुराम के जन्म उत्सव पर औदुंबर ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सुंदरकांड का पाठ किया गया इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संजय जोशी, ओम प्रकाश चौधरी, कृष्ण चौधरी, ओदुमबर समाज अध्यक्ष राजेश जोशी, संतोष चौधरी धर्मेन्द्र पाठक अशोक नागर राजेंद्र पालीवाल, सतीश तिवारी, मनोज शुक्ला प्रमोद पालीवाल अभय नागर सचिन तिवारी सुभाष नागर अमित चौधरी, जय प्रकाश चौधरी, सुशील चौधरी,अरविंद चौधरी, समीर चौधरी, नितेश चौधरी, संजय चौधरी, कैलाश चंद्र नागर, नरेश दुबे, नूतन चौधरी, प्रवीण नागर, दीपक नागर , प्रमोद नागर, संजय शर्मा, रजत चौधरी, तपेश चौधरी, प्रांशु चौधरी, आयुष चौधरी, प्रीतेश चौधरी, घनश्याम चौधरी आदि उपस्थित थे।

### मारपीट करने वालों को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा

**सोनकच्छ।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश चोरी के एक प्रकरण में फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। घटना भौंरासा थाना क्षेत्र के नेवरी फाटे की है 30 अगस्त 2024 की कि रात्रि को आरोपी शुभम पिता सोहन सिंह बड़वाया की दुकान के अंदर चोरी के नियत से घुसे थे जब शुभम नींद से जागा तो दिखा दो अज्ञात व्यक्ति दुकान के अंदर घुसे हुए हैं शुभम ने चोरों के साथ संघर्ष किया तो चोरों शुभम के साथ मारपीट करते हुए उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक गिरा दिया। चोरों के एक तीसरा साथी नीचे खड़ा हुआ था। जिसे शुभम ने पहचाना लिया तो आरोपीगण मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने शुभम की रिपोर्ट पर से एक नाम दर्ज आरोपी सुभाष उर्फ शोभराज पिता सौदान सिंह गुर्जर निवासी भलाई खुर्द व दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने सुभाष को गिरफ्तार करने के बाद जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपने दो साथी अभिषेक पिता शेर सिंह कंजर, अनिल पिता गोपाल कंजर निवासी ओड के नाम बताए थे। पुलिस ने तीनों आरोपीगण गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया था। करीब 9 माह तक चले इस प्रकरण में प्रथम अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह चौहान ने आरोपीगण को चोरी करने की नीयत से घर में घुसकर मारपीट करने का दोषी पाते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार के अर्थदंड दंडित किया। शासन से की ओर से पैरवी गजराजसिंह कुशवाह की ओर सहयोग कोर्ट मुंशी गोकुल सिंह भाटी और प्रदीप सिंह सेंधव का रहा।

### तेज गर्मी के कारण चलती मोटरसाइकिल में लगी आग

**सोनकच्छ।** भीषण गर्मी के चलते घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और यदि आप इस भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलते हैं तो सावधानी बरतें। अत्यधिक गर्मी के चलते वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है इसी तरह से ग्राम पंचायत धतुरिया राम के सरपंच महिपाल गुर्जर के भाई लोकेश गुर्जर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 एमजे 2868 से देवास की ओर जा रहा था कि तेज गर्मी के चलते अचानक चलती गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी से धुआं उठते देखा, लोकेश ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वाहन रोका और बालुरेती की मदद से आग पर काबू पाया।

## उदयनगर के अनेक ग्रामों में पेयजल को तरसे आमजन





**2 से 3 किमी दूर से पानी लाकर बुझा रहे है प्यास**

**उदयनगर।** ठेकेदार की कार्यप्रणाली से क्षेत्रवासियों में रोष, आक्रोश, ग्राम सरपंच पब्लिक के साथ मैदान में आई, ज्ञात हो कि विगत 1वर्ष से पेयजल कार्यों की अखबार एवं आमजन समस्या उठा रहे है विभाग मौन, सूत्रों के अनुसार कार्यों में भारी अनियमितताएं की गई है प्राक्कलन अनुसार कार्य नहीं हुआ है, अनेक ग्रामों में आमजन दुखी, शासन ने घर घर पेयजल उपलब्ध कराने हेतु करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए, फिर भी पेयजल नहीं मिल पा पा रहा है,ठेकेदार ने जो सामग्री लगाई है मोटर पंप लगाए है वे 4दिन भी नहीं चल पाते है। जिसकी शिकायत ग्रामीण जन स्थानीय जनप्रतिनिधि अनेकों बार कर चुके है किंतु विभाग कोई असर नहीं हो रहा है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी वर्षों से बागली में पदस्थ है, उन्होंने आज तक कार्यों का भौतिक सत्यापन कार्य क्षेत्र पर आकर नहीं किया, फोन लगाने पर एक ही जवाब होता है, कल काम चालू करवा दूंगा। जिसकी शिकायत ग्रामीण जन स्थानीय जनप्रतिनिधि अनेकों बार कर चुके है किंतु विभाग कोई असर नहीं हो रहा है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी वर्षों से बागली में पदस्थ है, उन्होंने आज तक कार्यों का भौतिक सत्यापन कार्य क्षेत्र पर आकर नहीं किया, फोन लगाने पर एक ही जवाब होता है, कल काम चालू करवा दूंगा। सूत्रों की माने तो उदयनगर सहित अनेक ग्रामों में ठेकेदार द्वारा, अधूरे कार्य हैंडओवर करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। उदयनगर सरपंच, विजेंद्र दांगी, ने कहा कि विभाग द्वारा घटिया कार्य किया गया है, सामग्री निम्न स्तर की लगाई गई है जिससे बार बार, मोटर पंप खराब हो रहे है, अधूरे कार्य होने के बावजूद विभागीय ह्यस्त्रश द्वारा हैंडओवर करने का

## श्रमिक दिवस पर इंटक द्वारा श्रमिकों का सम्मान



**देवास।** अंतर्राष्टीय श्रमिक दिवस पर स्थानीय उज्जैन रोड, मजदूर चौराहा पर सालाना 1 मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है इस बार इंटक एवं श्रमिक समस्या समाधान केंद्र द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक के जिला अध्यक्ष महेश राजपूत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मंसूर शेख, इंजीनियरिंग मजदूर सेवा संघ अध्यक्ष राम गुर्जर, युवा इंटक अध्यक्ष गजेंद्र जाट, असंगठित मजदूर कांग्रेस से राहुल चौहान, सलीम भाई मंसूरी और महिला इंटक से शबाना मंसूरी ने विशेष रूप से भाग लिया।

डॉ. मंसूर शेख ने कहा कि मजदूरों की स्थिति चिंताजनक है और सरकार को तत्काल उनके हित में ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं राजपूत ने नौजवानों के भविष्य और मजदूरों की बुनियादी समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इंटक ने हमेशा मजदूरों की हर लड़ाई लड़ी है और आगे भी हमेशा उनके साथ खड़ी है,कार्यक्रम में सभी श्रमिक महिलाओं और पुरुषों का पुष्प मालाओं और मिठाई के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल मजदूर एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा, उक्त जानकारी शाहबुद्दीन मंसूरी ने दी।

## हबीब शेख की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**देवास।** स्थानीय शासकीय उमावि शिप्रा के शिक्षक आदिल पठान ने बताया कि संस्था के विज्ञान शिक्षक हबीब शेख की शासकीय सेवा में अर्द्ध वार्षिकी आयु पूर्ण होने पर संस्था ने एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी बिदाई दी। हबीब शेख ने शासकीय सेवा में अपनी सेवाएं 1988 से शासकीय उमावि भौंरासा से प्रारंभ कर ,1994 से शासकीय उमावि शिप्रा में, 2008 से 2017 तक श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक देवास और 2017 से 30 अप्रैल 2025 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिप्रा में पदस्थ रहकर सेवानिवृत हुए। श्री शेख स्काउट ,शाला विकास कार्य, जनगणना आदि में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अनेक बार पुरस्कृत भी हुए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य राजीव सूर्यवंशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में नारायण विद्या मंदिर क्रमांक के प्राचार्य के के मिश्रा एवं पटारिया नजदीक हाई स्कूल के प्राचार्य अर्जुन मालवीय एवं मिर्जा मुशाहिद बैग उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा हबीब शेख को शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृष्णकांत शर्मा ने किया एवं आभार रजनीश मलतारे ने माना । इस अवसर पर कैलाश सोनी, फारुख शेख सोनकच्छ, सलीम शेख, नीलिमा शाह, साबिर शेख, रितेश कौशल, जीतू मालवीय, अर्जुन सिंह बेस, प्रदीप भाटी, राजेश बरना, मुक्ता शर्मा राजकुमार पटेल, बाबूलाल पटेल, राजेश यादव, रेणुका राठौर, कोमल चौधरी, जावेद पठान, विशेष बैरागी, श्रीमती सोनी, आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

## एथलेटिक्स के राष्ट्रीय खिलाड़ी देव मीणा का सम्मान समारोह



**देवास।** प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किसान पुत्र देव मीणा पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी विक्रम अवार्ड जय मीणा भी उपस्थित हुए। जैसा कि आपको विदित होगा कि उनकी वर्ल्ड में तीसरी रैंक है उनका भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रवि जैन सभापति, दुर्गेश अग्रवाल महापौर प्रतिनिधि, मनोज राजानी जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष, मदनलाल कहार अध्यक्ष देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, पार्षद राहुल पवार, सचिव अनिल श्रीवास्तव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। दोनों खिलाड़ियों का सम्मान अतिथियों के साथ मनोज रामाश्रय सिंह, योगेश द्विवेदी, राजीव श्रीवास्तव, जावेद पठान, सुनील वर्मा, शिवनारायण टांडी, भरत विश्वकर्मा, मोहित शर्मा, यश मीना, राज मीणा, नेशनल पोलवाल्ट खिलाड़ी सुदामा शर्मा, रितेश मालवीय, सोनू विश्वकर्मा द्वारा किया गया। क्लब की ओर से सभी अतिथियों एवं सदस्य द्वारा शाल एवं श्रीफल प्रदान कर मोमेंटो के साथ स्वागत किया गया। देव मीणा ने अपने उद्बोधन में अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैं टी टी नगर स्टेडियम भोपाल में प्रैक्टिस करता हूं वहीं से मेने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किया एवं नेशनल गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए पोलवाल्ट में नया रिकॉर्ड बनाया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा उच्च स्तर की सोच रखते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करते रहना चाहिए रास्ते में कठिनाइयां अनेकों आए पर तुम हिम्मत न हारना और आगे बढ़ते रहना एक न एक दिन तुम्हें भी देश-विदेश में पहचाना जाएगा मुझे खुशी है की प्रगति एथलेटिक क्लब में कई खेल चलते हैं और जिसमें उच्च कोटि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यहां के खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और एकलव्य और विक्रम अवार्ड प्राप्त किए हैं। अतिथि मनोज राजानी ने कहा कि मैं प्रगति क्लब के प्रशिक्षक एवं संचालक के साथ-साथ देव एवं जय मीणा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। रवि जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवास के लिए यह गौरव की बात है कि इस छोटी सी जगह से भी इतने बड़े मुकाम तक हमारे खिलाड़ी पहुंच रहे हैं। आज मुझे खुशी हो रही है कि एक ही परिवार के दो खिलाड़ी जिन्होंने अलग-अलग विधाओं में अपने शहर एवं देश का नाम रोशन किया है मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रगति एथलेटिक क्लब के संचालक अनिल श्रीवास्तव एवं राजीव श्रीवास्तव, पंकज सर, छोटू भैया को भी शुभकामनाएं देता हूं कि वह खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए इसी प्रकार प्रयास रत रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री वर्मा एवं अनिल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने माना।

### निराश होकर अपने खेल को नहीं छोड़ना चाहिए

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जय मीणा ने अपने अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किए उन्होंने बताया कि कभी हार नहीं मानना चाहिए और निराश होकर अपने खेल को नहीं छोड़ना चाहिए लगातार मेहनत करते रहो अवसर आपका रास्ता देख रहे हैं कभी ना कभी आपको मंजिल जरूर मिलती है। हां खेलते टाइम आपको यह मालूम नहीं होता कि इससे क्या उपलब्धि मिल पाएगी कई बार ऐसा भी होता है कि पड़ोसी पड़ोसी एवं रिश्तेदार आपका मनोबल गिराने के लिए ताने भी मारेंगे कि खेल से क्या मिल जाएगा परंतु जब आपको किसी प्रकार की उपलब्धि मिल जाती है तो वही लोग आपको सबसे पहले शुभकामनाएं देने आते हैं तो किसी भी प्रकार की नेगेटिव सोच को न रखें अपने खेल में निरंतर मेहनत करते रहे और आगे बढ़ने का प्रयास करते रहें।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री ने नाम सौंपा 21 सूत्रीय मांगपत्र

**आतंकी हमले में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की**



**देवास।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 21 सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, सुविधाओं और अधिकारों को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गई हैं। संगठन ने साफ किया कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सिपाही हैं, लेकिन वे खुद अनेक जटिलताओं और समस्याओं से जूझ रहे हैं। मांगपत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून को तत्काल लागू करने, श्रद्धा निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त हटाने और उसे आजीवन देने, पत्रकार भवनों के लिए नि:शुल्क भूमि, टोल टैक्स में छूट, स्वास्थ्य बीमा योजना और शिक्षा में रियायत जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। मुरैना में 26-27 मार्च 2025 को आयोजित प्रांतीय महाधिवेशन में मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित हुए थे और 6 सूत्रीय मांगपत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। संघ को विश्वास है कि शेष 21 सूत्रीय मांगों पर भी मुख्यमंत्री शीघ्र निर्णय लेंगे ।ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि फर्जी प्रेस वाहनों पर लगाम कसी जाए, आयुष्मान योजना में पत्रकारों को जोड़ा जाए, छोटे-मझोले समाचार पत्रों के साथ विज्ञापन वितरण में भेदभाव खत्म किया जाए तथा पत्रकारों को शासकीय आवास, सर्किट हाउस सुविधा और शून्य ब्याज पर ऋण जैसी सुविधाएं मिलें। संगठन ने मांग की है कि एक पत्रकार कल्याण आयोग का गठन किया जाए, जो पत्रकारों की समस्याओं पर ठोस रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सिफारिशें दे। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे स्वयं इस दिशा में पहल कर पत्रकारों के भविष्य को सुरक्षित करें और लोकतंत्र के इस मजबूत स्तंभ को और सशक्त बनाने में अग्रसर हों ।इसी के साथ ही उपस्थित पत्रकार साथियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मृत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार सौरभ सचान, फरीद खान शहाबुद्दीन मंसूरी, वरुण राठौर, रघुनंदन समाधियां, शाहिद खान, सुरेश शर्मा, मुर्तुजा सैफी, अरविंद राजपूत, जीवन पांचाल, शकील कादरी, रूपसिंह चौरसिया, जैद शेख, गौरव व्यास, जितेंद्र मौर्य। उक्त जानकारी संघ महासचिव चेतन राठौड़ ने दी, आभार शहाबुद्दीन मंसूरी ने माना।

## सन्नौड़ में 20 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ



**देवास।** शासन के निर्देशानुसार सीएम राइज विद्यालय सन्नौड में 1 मई से समर कैंप का शुभारंभ हुआ। जिसमें 50 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आरंभ गांव के सरपंच पप्पू पटेल एवं प्राचार्य मेहरबानसिंह पारसनिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया तत्पश्चात सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य पारसनिया ने बताया कि समर कैंप में खेल, चित्रकला, नृत्य, गायन, कराटे आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी। समर कैंप में नोडल शिक्षक सत्यनारायण चौधरी एवं सहायक के रूप में कमलसिंह नागर व संदीप पटेल गतिविधियों का संचालन करेंगे। कमलसिंह नागर ने समर कैंप की गतिविधियों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा पिछले दो वर्षो के समर कैंप के अनुभव साझा किये। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक हेमंत उपाध्याय, विनोद केलवा, दिनेश पटेल, राजेन्द्र पटेल, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाउसकीपर रवि भाटी, जोनेश झाला, विकास पंवार, विजय भाटी, बिंदिया फतरोड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**एक नजर** ग्राम पांजरिया के गरीब आदिवासी लघु कृषक पहुंचे जनता दरबार

## भूमाफियाओं की गिद्ध निगाहें वर्षों से काबिज किसानों को कूट रचित दस्तावेज के जरिए कर रही परेशान



**देवास।** पिछले 60 वर्षों से पूर्वजों के समय से राजस्व रिकॉर्ड अनुसार ग्राम पांजरिया में स्थित कृषि भूमि पटवारी हल्का नंबर 38, सर्वे नंबर 138/1 व 138/2, रकबा 2.00 हेक्टर कि उक्त कृषि भूमि पर हम गरीब आदिवासी कृषक काबिज होकर फसल पैदा कर अपने परिवार का जैसे-तैसे जीवन यापन करते आ रहे हैं। उक्त भूमि जो कि पूरी तरह से बंजर भूमि थी, इसे हमारे पूर्वजों ने ही कृषि फसल पैदा करने लायक बनाया। इस बात के साक्षी हमारे अड़ोसी-पड़ोसी सभी कृषक भाई तथा ग्राम पांजरिया व सोबल्यापुरा के सभी ग्रामवासी गवाह हैं। पिछले 60 वर्षों से आज तक कोई भी हमें रोकने-टोकने या उक्त कृषि भूमि पर अपना मालिकाना हक जताने नहीं आये। हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है, एक पूर्व रिटायर्ड ग्राम सेवक ने लालच वश असंवैधानिक आधार से तत्कालीन राजस्व अधिकारियों से सांठगांठ कर हम गरीब आदिवासियों के कब्जे की कृषि भूमि पर अपना कब्जा बताकर फर्जी शासकीय पट्टा अपने नाम बनवा लिया।

जिस भूमि को बेचने का अधिकार ही नहीं है,उस भूमि को पता नहीं कैसे दूसरे के नाम रजिस्ट्री भी कर दी। वर्तमान में रजिस्ट्री धारी फर्जी मलिक दलालों के माध्यम से हमें हमारे कब्जे व हक की कषि भूमि से असंवैधानिक आधार से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं। यह हमें बर्दाश्त नहीं होगा। उक्त समस्या के समाधान हेतु ग्राम पांजरिया निवासी गरीब आदिवासी विधवा महिला अवंतिका बाई पति विजय सिंह जाति गौंड,संतोष गौंड,भुरिया पिता बोंदर, संतोष मानकर, राम सिंह गोंड, मंसाराम, जुगत सिंह, चौन सिंह बछानिया, अनिल मानकर, अनार सिंह आदि पीड़ित जन ग्राम के वसूली पटेल हरि सिंह के नेतृत्व में विधायक मुरली भंवरा के जनता दरबार में पहुंच कर कहा साहब हमारे मौलिक अधिकारों की आप रक्षा करें, । सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने बताया विधायक ने पीड़ितों द्वारा प्रस्तुत आवेदन दस्तावेजों को बड़ी गंभीरता से पढ़ा व पीड़ित जनों से सारी बात की पूछताछ की, सुन-समझ कर तत्काल देवास जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह व बागली अनुविभागीय अधिकारी आनंद मालविया को सारी बातों से अवगत करा कर निर्देश दिया कि किसी भी गरीब आदिवासी भाई-बहनों को असंवैधानिक आधार से उनके हक व कब्जे की कृषि भूमि से उन्हें बेदखल नहीं किया जाए। इस संबंध में तत्काल उचित कार्रवाई कर निष्पक्ष जांच करवाकर मुझे अवगत कराएं। साथ ही विधायक ने कहा इस प्रकार के ओर भी कई मामले मुझे सुनने में आ रहे हैं।

जिन मामलों में फर्जीवाड़ा हुआ है उनका रिकॉर्ड मिल नहीं पा रहा है, जो कार्य एक नंबर में हुए हैं उनके रिकॉर्ड सभी उपलब्ध है। यह बात यह दर्शाती है कि राजस्व विभाग में पिछले समय में सांठगांठ कर जानबूझकर कई अनियमितताएं की गई है। पिछले जन-प्रतिनिधियों ने इस संबंध में उदासीन रवैया अपनाया, इसी का यह परिणाम देखने में आ रहा है।

मैं मेरी ओर से पूरा-पूरा प्रयास करूंगा कि किसी भी गरीब आदिवासी या अन्य किसी का भी हक अधिकार असंवैधानिक आधार से नहीं छीना जाएं। विधायक ने पीड़ितों को यह भी सलाह दी आप न्यायालय के समक्ष भी अपना पक्ष रखें। बिना मांगे मां भी रोटी नहीं देती है। आपको अन्याय के खिलाफ लड़ना पड़ेगा, हम आपके साथ है।